दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 190 मुरादाबाद 07 November 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर विराट जीत की दी बधाई



गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी अमन गिरी ने बड़े अंतर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विनय तिवारी को करारी मात दी है। इस शानदार जीत की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये विराट जीत गोला गोकर्णनाथ की जनता के अटूट जन-विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि, उ.प्र. की गोला गोकर्णनाथ विधान सभा सीट पर उप चुनाव में भाजपा की विराट विजय की सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रतीक है। आभार गोला गोकर्णनाथ वासियों। बता दें कि विधायक अरविंद गिरी के निधन के बाद रिक्त हुई इस सीट पर 3 नवंबर को उप चुनाव हुए थे। आज इस सीट पर काउंटिंग के दौरान पहले राउंट से ही बीजेपी प्रत्याशी ने बढ़ बनाई रखी। अंतिम राउंड की मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अमन गिरि ने 34298 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की है। अंतिम व 32वां राउंड पूरा होने के बाद भाजपा के अमन गिरि को 124810 और सपा के विनय तिवारी 90512 मत मिले। यूपी के लखीमपुर जिले की गोला गोकर्णनाथ सीट पर बीजेपी के अमन गिरी ने अपने निकटमम प्रतिद्वंदी सपा के विनय तिवारी को 34,298 वोटों से हरा दिया है। यह सीट अमन के पिता और यहां से विधायक रहे अरविंद गिरी के निधन से खाली हुई थी। जाहिर है अमन के लिए तो यह जीत महत्वपूर्ण है ही, बीजेपी को भी यूपी में विधानसभा के पिछले आम चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी को चुनावी मैदान में पटखनी पर पटखनी देते चले जाने का बड़ा सुख मिला है। गोला गोकर्णनाथ की जीत से ही यह सवाल भी यूपी की सियासी फिजा में तैरने लगा है कि आजमगढ़ और रामपुर संसदीय सीट पर जून 2022 में हुए उपचुनाव से शुरू हुआ सपा की हार का सिलसिला कहीं गोला गोकर्णनाथ से होते हुए 5 दिसम्बर को होने वाले मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट तक कायम तो नहीं रहेगा? यदि मैनपुरी और रामपुर में गोला गोकर्णनाथ जैसी स्थिति बरकरार रही तो इससे समाजवादी पार्टी और खासकर अखिलेश यादव की राजनीति को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। वजह ये कि मैनपुरी और रामपुर दोनों सीटें समाजवादी पार्टी का गढ़ रही हैं। मैनपुरी संसदीय सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई है जबकि रामपुर विधानसभा सीट हेट स्पीच मामले में आजम खां को तीन साल के सजा सुना दिए जाने के चलते। सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा से आजम खां की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर पिछले 33 साल से मुलायम सिंह यादव का कब्जा रहा। वह कभी खुद तो कभी परिवार या पार्टी के किसी सदस्य को यहां से चुनाव जिताते रहे। मैनपुरी में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही यादव लैंड में सरगर्मियां तेज हो गई है। अखिलेश ने अभी तक प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है लेकिन माना जा रहा है वह तेज प्रताप यादव को यहां से टिकट देना चाहते हैं। उधर, शिवपाल सिंह यादव ने भी अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मैनपुरी की हवाओं में यह चर्चा भी फैली हुई है कि शिवपाल खुद या अपने बेटे आदित्य को यहां से मैदान में उतारना चाहते हैं जबकि यादव परिवार उन्हें तेज प्रताप के समर्थन के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है। अखिलेश के लिए अपने पिता के निधन से खाली हुई सीट पर प्रत्याशी तय करना इतना आसान नहीं है। उनके लिए यह विरासत की जंग है। जबकि जेपी के लिए यह सपा को गढ़ में मात देने का बड़ा मौका है। आजमगढ़ और रामपुर संसदीय सीटों पर एतिहासिक जीत से उसके हौसले बुलंद हैं और इसीलिए इस बार वो मैनपुरी और रामपुर विधानसभा सीट को भी अपने पाले में लाने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी।

## सपा को झटके पर झटका दे रही भाजपा

उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में भाजपा, सपा को झटके पर झटका दे रही है। गोला गोकर्णनाथ की जीत के बाद भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है वहीं समाजवादी पार्टी कैंप में खामोशी छा गई है। इस सीट के लिए तीन नवंबर को हुए मतदान के बाद सभी की निगाहें नतीजों पर लगी हुई थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला था। कांग्रेस और बसपा मैदान से बाहर रहीं। इस वजह से मुकाबला न सिर्फ कड़ा हो चला था बल्कि इसमें दोनों दोनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई थी।

## भाजपा ने उतारे थे 40 स्टार प्रचारक

भाजपा ने चुनाव में 40 स्टार प्रचारक उतारे तो समाजवादी पार्टी ने बेहद शांत तरीके से जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को 32 वें राउंड तक मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमन गिरी को 1,24,810 और समाजवादी पार्टी के विनय तिवारी को 90,512 वोट मिले। भाजपा ने या चुनाव 34298 वोट से जीत लिया है। इस चुनाव में भाजपा और सपा के अलावा पांच अन्य उम्मीदवार भी थे। जीत के बाद लखीमपुर मतगणना स्थल से लेकर अमन गिरी के घर तक भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है। चुनाव जीतने के बाद भाजपा विधायक अमन गिरि ने अपनी जीत का श्रेय जनता और पार्टी को दिया और कहा कि पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# T20WC 2022 के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, जिम्बाब्वे को भारत ने 71 रनों से धोया



जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2022 सुपर-12 के अपने आखिरी मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 187 रनों का लक्ष्य रखा है। भारत के लिए केएल राहुल के बाद सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अर्धशतक जड़ा। राहुल ने जहां 35 गेंदों पर 51 रन बनाए, वहीं सूर्या ने 25 गेंदों पर 61 रनों की नाबाद पारी खेली। मिडिल ओवर में राहुल और कोहली का विकेट गिरने के बाद जरूर भारत के रनों की रफ्तार कम हुई थी, मगर सूर्या ने आखिरी 5 ओवर में इसकी भरपाई की। भारत ने आखिरी 30 गेंदों पर 79 रन बटोरे। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर 12 में से अब चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं जिसमें ग्रुप 1 से न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की टीम है तो वहीं ग्रुप 2 से भारत और पाकिस्तान की टीम इसमें शामिल है। अब इन चारों टीमों में से दो टीम फाइनल में पहुंचेंगी, लेकिन उससे पहले सेमीफाइनल की जंग अभी बाकी है। टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैचों की बात करें तो पहला सेमीफाइनल मुकाबला 9 नवंबर को तो वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच 10 नवंबर को खेला जाएगा जबकि 13 नवंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान के साथ होगा तो वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच इंग्लैंड और भारत के बीच होगा। आइसीसी शेड्यूल के मुताबिक पहले सेमीफाइनल में ग्रुप 1 के पहले नंबर की टीम (न्यूजीलैंड) का सामना ग्रुप 2 के दूसरे नंबर की टीम (पाकिस्तान) के साथ जबकि दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप 2 के पहले नंबर की टीम (भारत) का सामना ग्रुप 1 के दूसरे नंबर की टीम (इंग्लैंड) के साथ होगा।

## सेमीफाइनल मैचों के शेड्यूल

पहला सेमीफाइनल- न्यूजीलैंड बनान पाकिस्तान, 9 नवंबर (सिडनी)

दूसरा सेमीफाइनल- भारत बनाम इंग्लैंड- 10 नवंबर (एडिलेड)

सुपर 12 के दोनों ग्रुप में ऐसी रही टीमों की स्थिति

सुपर 12 के ग्रुप 1 की बात करें तो इसमें 7-7 अंक के साथ न्यूजीलैंड पहले और इंग्लैंड की टीम दूसरे नंबर पर रही। न्यूजीलैंड की टीम बेहतर रन रेट से आधार पर इंग्लैंड से आगे रही तो वहीं 7 अंक के साथ ही आस्ट्रेलिया की टीम तीसरे नंबर पर रही। वहीं श्रीलंका 4 अंक के साथ चौथे, जबकि आयरलैंड 3 प्वाइंट के साथ पांचवें जबकि अफगानिस्तान की टीम 2 अंक के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं ग्रुप 2 की बात करें तो इसमें भारत 8 अंक के साथ पहले जबकि पाकिस्तान की टीम 6 अंक के साथ दूसरे नंबर पर रही। इसके बाद 5 अंक के साथ साउथ अफ्रीका की टीम तीसरे नंबर पर जबकि 4-4 अंक के साथ नीदरलैंड व बांग्लादेश की टीम पांचवें व छठे स्थान पर रही। वहीं इस ग्रुप में 3 अंक के साथ जिम्बाब्वे सबसे आखिरी यानी छठे स्थान पर रही।

# देव दीपावली पर 51 सौ दीपों से जगमग होगा बजहां का अमृत सरोवर

## गंगा आरती की तर्ज पर होगा अमृत सरोवर आरती विशेषज्ञ आकर्षण

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-बबुरी। इस वर्ष चंदौली सदर ब्लाक के ऐतिहासिक अमृत सरोवर पर ग्रामपंचायत बजहां द्वारा देव दीपावली मनाया जायेगा। इस दौरान पूरा सरोवर 51 सौ दीपों से जगमग होगा। इस अलौकिक छठा को देखने के लिए बजहां सहित दूर दरजार के हजारों लोग पहुंचेगे हैं। दीपोत्सव के उपरांत भोजपुरी कलाकारों का सांस्कृतिक प्रोग्राम होगा। ग्रामप्रधान प्रतिनिधि शेषमणि सिंह उर्फ कल्लू सिंह ने बताया कि देव दीपावली 8 नवंबर को चन्द्रग्रहण के कारण 7 नवंबर को मनाया जायेगा। इस दिन अमृत सरोवर को 51 सौ दीपों से सजाया जायेगा। दीपोत्सव व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश जायसवाल करेंगे। वहीं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर अमृत सरोवर की आरती किया जायेगा। जिसके उपरांत भोजपुरी कलाकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत होंगे। जिसके तहत प्रस्तुत किया जाने वाला शिव तांडव प्रमुख आकर्षण होगा। कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह व चंदौली के खंड विकास अधिकारी होंगे।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार उपनिरीक्षक बलराम पांडे ने किया कार्यवाही



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गगहा थाने को बड़ी कामयाबी हाथ लगी इस संदर्भ में इंस्पेक्टर गगहा ने बताया कि मुखबिर के खास सूचना पर उपनिरीक्षक पर राम पांडे मय हमराह कांस्टेबल शिवकुमार के द्वारा अभियुक्त विजय साहनी पुत्र विक्रम साहनी को करपुल पुल के पास से गिरफ्तार कर कर विधिक कार्यवाही किया गया।

## अभिभावक अपने बच्चों के मनोभावना व गतिविधि पर रखे ध्यान-मीतू श्रीवास्तव

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-चौबेपुर थाने में तैनात महिला उप निरीक्षक मीतू श्रीवास्तव ने लोगो को अफवाहों से दूर रहकर सजग और सतर्क रहने के लिए प्रेरित कर रही हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की मित्र है इसलिए कभी भी कोई परेशानी होने पर बिना संकोच के पुलिस को सूचित करें।पुलिस 24 घंटे हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। इसके अलावा बच्चों को यातायात नियमों की सीखे देने व उसका पालन करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने आगे अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि स्कूल जाते समय बच्चों को सुरक्षित विद्यालय तक छोड़ने व छुट्टी होने पर समय से सुरक्षित घर लाने के जिम्मेदारी अभिभावकों की है।आगे प्रत्येक बच्चों के जेब में विद्यालय का पहचान पत्र, अभिभावक का मोबाइल नंबर, ब्लड ग्रुप की जानकारी अवश्य रखें,ताकि आपात स्थिति में तत्काल सहायता की जा सके। बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने वाले वाहन चालक, हेल्पर की हमेशा पहचान रखें व उसका मोबाइल नंबर एवं पूरा पता अपने पास रखें।

# खाटू श्याम जी की अखण्ड ज्योति प्राप्ति हेतु दर्जनों भक्तो का जत्था रवाना



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर-आने वाली 11 नवंबर को नगर के टेलीफोन एक्सचेंज के पास मैदान में बाबा खाटू श्याम जी का भव्य जागरण होने जा रहा है, आठ नवंबर को नगर में विशाल यात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए आज श्याम परिवार खुटार के पदाधिकारी एवं दर्जनों भक्त बाबा खाटू श्याम की अखंड ज्योति लेने के लिए उनके दरबार राजस्थान के लिए रवाना हो गए नगर के प्रसिद्ध मां पँथवारी मंदिर पर श्री बालाजी मंदिर के पुजारी अनिल पाण्डेय जी ने पूजन करा कर बाबा के द्वार जाने वाले भक्तों का तिलक बंदन कर रवाना किया, इस मौके पर चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने सभी भक्तों को विदा करते हुए उनकी यात्रा मंगलमय हो इसके लिए प्रार्थना की भक्तों का जत्था ढोल नगाड़े के साथ नगर की मेन बाजार होते हुए मुख्य चौराहे से बंडा रोड पेट्रोल पंप के पास से रवाना किया गया, कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा की अखण्ड ज्योति के समक्ष विशाल यात्रा निकाली जाएगी जिसमें नगर व क्षेत्र के सभी भक्तगण सादर आमंत्रित हैं,उसके बाद बाबा का विशाल भव्य जगराता होगा जिसमें आप सभी लोग पहुंचकर बाबा के भजनों को सुने और पुण्य के भागी बने, इस अवसर पर रोहित शुक्ला,सचिन गुप्ता, विजय गुप्ता,विवेक गुप्ता, रामजी शुक्ला,डिप्टी शर्मा,अभिषेक गुप्ता, राहुल गुप्ता राज सक्सेना,महेंद गुप्ता,सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव से सम्मान ने साझा किया मदरसा शिक्षकों का दर्द

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज खान दिल्ली में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव मुखमीत सिंह भाटिया से मिले। इस दौरान सम्मान अफरोज ने श्री मुखमीत से मदरसा आधुनिकीकरण योजना को अल्पसंख्यक मंत्रालय मे स्थांत्रित कराने, यू-डाइज में अपडेट न होने से छूटे 1539 मदरसों का भुगतान, मदरसा शिक्षकों का बकाया भुगतान, योजनाओं का स्थायी करण, कार्यरत शिक्षकों का वेतन वृद्धि, मदरसा आधुनिकीकरण योजना का पूरे देश में विस्तार करने आदि विषयों में प्रमुखता से बात की। सम्मान अफरोज ने मदरसा शिक्षकों का दर्द बयां करते हुए सचिव से कहा कि वर्ष 2017-18 से अबतक का लगभग 61 महीने का मानदेय लम्बित है। जिससे मदरसा शिक्षक भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। इनके मानदेय का भुगतान करके इनके जीवन में खुशहाली लायी जा सकती है।

# बजबजाती नालिया व कूड़े से मच्छरो का प्रकोप बढा


प्रेमचंद जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती क्षेत्र मे जगह जगह लगे कूड़े के ढेर व बजबजाती गन्दी नालियो के सड़को पर चलने से जहां लोगो को आवागमन मे परेशानी हो रही है। वही असमान्य बड़े मच्छरो के बढने से गन्दगी जनित बीमारियां फैल रही है। दीपावली पर्व के समाप्त होने के बाद जमुनहा क्षेत्र मे मच्छरो का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। क्षेत्र मे कूड़े के जगह जगह ढेर लगे हुए है। नालियो की सफाई न होने से इसका गन्दा पानी सड़को पर बह रहा है। इससे आवागमन मे परेशानी होने के साथ ही मच्छर जनित बीमारियां लगातार बढती जा रही है। साथ ही इस बार आश्चर्यजनक रूप से आकार मे काफी बड़े मच्छरो के पनपने से ग्रामीण हैरान है। बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर मे मात्र एक सफाईकर्मी की तैनाती से कभी भी पूरे मजरो मे सफाई नही हो पाने से ग्रामीण बेहद परेशान है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## विद्युत विभाग की घोर लापरवाही उजागर





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर-खुटार के बंडा रोड पर रोड चौड़ीकरण के बाद-विद्युत पोल को किनारे कर मजदूर डाल रहे थे लाइन, शट डाउन लेने के बाद भी लापरवाह कर्मचारियों ने जोड़ दी लाइन विद्युत विभाग की घोर लापरवाही आई सामने, बिजली लाइन डाल रहे तीन मजदूरों को लगा करंट, गंभीर रूप से झुलसे दो घायलो को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए किया गया रेफर।

# इंटरलांकिग सडक टुटने से गांव में आना-जाना दूभर

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती विकास खंण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत देवरनिया के मजरा बरगदही गांव में करीब दो साल से इंटरलॉकिंग सडक खराब पडी हैं। सडक पर जगह जगह गड्ढे हो गये हैं बरसात होने पर काफी पानी भर जाता है । आने जाने वाले लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं । कई बार लोग मोटरसाइकिल से इस गड्ढे सडक पर गिर भी पडे है । जबकि इंटरलॉकिंग रोड दो साल से प्रस्ताव में बनने के लिए पडी भी फिर भी रोड अभी तक नहीं बन सकी है। ग्रामीण शोभाराम त्रिपाठी , रक्षा राम त्रिपाठी , बरसाती मौर्या , राम गोपाल मौर्या , नाईम खां , चिनगी खां आदि ने इंटरलॉकिंग रोड को नए सिरे से बनवाने की मांग जिलाधिकारी की है।

# मुरादाबाद के बुद्धि विहार में बिजली तारों पर पेड़ गिरने से लगी आग,मचा हड़कंप

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मुरादाबाद में रविवार सुबह बुद्धि विहार में बिना अनुमति काटा जा रहा पेड़ बिजली लाइनों पर गिर गया,जिससे तारों में आग लग गई। इससे वहां से गुजरने वालों में अफरातफरी सी मच गई। आनन - फानन में बिजली घर फोन कर लाइट बंद कराई गई। पेड़ टूटकर गिरने से हाईटेंशन लाइन में धमाके के साथ आग लग गई। बिजली तारों में आग से कई तार जलकर नीचे गिर गए। बिजली विभाग का कहना है कि जो शख्स ने बिना अनुमति पेड़ कटवा है उनको नोटिस दिया जाएगा। मुख्य अभियंता आफिस के सामने बुद्धिविहार वन में जाने वाली सड़क पर आजकल कुछ मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को एक मकान स्वामी ने अपने घर के आगे लगे पेड़ को बिना अनुमति कटवाने को मजदूर बुलवाए। मजदूर पेड़ काट रहे थे कि अचानक पेड़ की एक बड़ी टहनी टूरकर हाइटेंशन लाइन पर गिर गई जिससे धमाके के साथ बिजली





तारों में चिंगारियां उठने लगी और आग लग गई। सूचना मिलते ही बिजलीघर पर लाइन बंद कराई गई। तारों में आग के चलते कुछ देर लोगों की आवाजाही में व्यवधान रहा। आवास विकास एसडीओ अजय कश्यप ने बताया कि कोई शख्स अपने मकान के पास खड़े पेड़ की छंटाई करा था,पेड़ों की टहनी तारों पर टूटकर गिरने से हादसा हो गया।

# मुरादाबाद में अंडर 14 क्रिकेट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - रविवार को अंडर 14 क्रिकेट में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। डीएसए सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि पहला मैच डीएसए ग्रीन ने डीएसए ब्लैक को हराकर जीता। डीएसए ग्रीन ने टॉस जीत कर 205 रन बनाए। दूसरे मैच में डीएसए ब्लू ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 40 ओवर में नौ विकेट खोकर 130 रन बनाए। अमान और वंश ने तीन तीन विकेट लिए। डीएसए व्हाइट ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। इस दौरान नितिन गुप्ता, प्रदीप टंडन, वैभव त्रिवेदी व कुशलपाल सिंह मौजूद रहे।

# डेथ ऑडिट में डेंगू ने कोरोना को पीछे छोड़ा, मौतों से यूपी में स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

मुरादाबाद - मुरादाबाद जिले में तेजी के साथ पैर पसार रहे डेंगू और कथित तौर पर इसकी वजह से मरीजों की बढ़ रहीं मौतों से स्वास्थ्य विभाग दहल गया है। विभाग डेंगू से बताई जा रहीं मौतों के वास्तविक कारण कुछ और होने का दावा करते हुए ताबड़तोड़ डेथ ऑडिट में जुट गया है। डेथ ऑडिट की रफ्तार ने कोरोना काल में कोरोना संक्रमित और आशंकित मरीजों की मौत के मामलों की पड़ताल को भी पीछे छोड़ दिया है। मुरादाबाद जिले में डेंगू का कहर शुरू होने के बाद से 15 दिनों में अब तक दो दर्जन से ज्यादा मरीजों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अफसर अधिकतर मरीजों की मौत का कारण डेंगू का संक्रमण होने की बात से साफ इनकार कर रहे हैं। मरीजों की मौत की वजह को साफ करने के लिए महकमे के अफसर युद्धस्तर पर डेथ ऑडिट में जुट गए हैं।आईडीएसपी,



डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर, डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिन मरीजों की मौत का कारण डेंगू बताया गया है डेथ ऑडिट में अन्य कारण सामने आ रहे हैं। इसको देखते हुए ऐसी हर मौत के ऑडिट पर फोकस किया गया है। मरीज के शरीर में पूर्व की कोई न कोई गंभीर बीमारी मौत का कारण बन रही है। सिर्फ डेंगू संक्रमण मौत का कारण नहीं है।मुरादाबाद में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की बढ़ती मौतों से स्वास्थ्य विभाग में मचा हुआ है हड़कंप- पिछले 15 दिनों में दो दर्जन से ज्यादा मरीजों की मौत के मामले आ चुके सामने - डेंगू से मौत के आंकड़े रोज बढ़ रहे, जिम्मेदार कर रहे इनकार

# तिगरी मेला: रोडवेज की बसें श्रद्धालुओं को पहुंचाएंगी घाट

मुरादाबाद - मुरादाबाद रोडवेज बसों का तिगरी मेले के लिए संचालन रविवार से विधिवत शुरू हो गया। इस बार रोडवेज ने रीजन के 150 बसों को मेला स्पेशल के तौर पर लगाया है। वहीं ब्रजघाट पर इससे इतर 50 बसों को खड़ा कराया गया है जिससे वहां के श्रद्धालु आसानी से आ जा सके। संचालन आसानी से हो सके इसके लिए तिगरी मेला स्थल से पहले अस्थाई कंट्रोल रूम से लेकर मेंटीनेंस टीम के स्टाफ तैनात कर दिए गए हैं। जिससे मेले के दौरान आवागमन में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। तिगरी मेले को रोडवेज बसों की शुरूआत रविवार से हो गई है। मेला जाने वालों के लिए रोडवेज ने रीजन की150 बसों की व्यवस्था की है,जिसमें मुरादाबाद डिपो की 30 और पीतलनगरी की 25 बसों को लगाया गया है। इसके अलावा रामपुर,धामपुर और अमरोहा की बसें इसमें लगाई है। मेले में बसों का संचालन बढ़िया से हो इसको लेकर मेला स्थल के पास रोडवेज का अस्थाई कंट्रोल रूम बनाया गया और स्टाफ और तकनीकी स्टाफ की ड्यूटी भी शिफ्टवार लगाई गई है जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। एआरएम पीतलनगरी डिपो प्रेम सिंह ने बताया कि मेले को लेकर ब्रजघाट पर 50 बसों को लगाया गया है,वहीं अनूपशहर में लगने वाले मेले के लिए संभल से दस रोडवेज बसों को लगाया गया है।

# मुरादाबाद में मतदाता सूची का विधानसभावार पुनरीक्षण नौ से होगा

मुरादाबाद - मुरादाबाद में मतदाता सूची का पुनरीक्षण विधानसभावार आगामी 9 नवंबर से आठ दिसंबर तक होगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इसके लिए समस्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, मंत्री व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नौ तारीख को बैठक में बुलाया गया है। जिससे अभियान बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके। एक जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। नौ को शाम साढ़े छह बजे जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में बैठक होगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Rahul's union-free India

Senior Congress MP Rahul Gandhi has once again claimed that if voted to power, he will make government and constitutional institutions RSS-free. He also has a dream that India should be RSS and BJP-free. His allegations are old and worn out, on the basis of which he wants to liberate the country from the Sangh Parivar. He has been chanting the name of the Sangh and Prime Minister Modi, but instead of liberating the country, the Congress party has gone to the margins. The people of the country have consistently rejected Rahul Gandhi's allegations and his politics. He had made a similar allegation in the wake of the assassination of Mahatma Gandhi and tried to prove the Sangh a 'killer'. As a result, he had to tender a written apology before the Supreme Court. However, now Rahul Gandhi believes that RSS and BJP are breaking the country. They are working to spread hatred. have been involved in violent activities.

These organizations will have to pay the price. Rahul Gandhi's assessment is based on which survey or research that most of the constitutional and government institutions have been undeclared by the Sangh Parivar, because after the BJP's Modi government in 2014, the Sangh Parivar volunteers were recruited in government establishments. Been going Employees of many ideologies like Leftist, Naxalite, Hindu ideology, socialist-democratic, feminist, laborist etc. work in the government. Their labor unions also remain. Often times, they have been agitating and taking to the streets. There are definite criteria for government officers and employees selection. On the basis of that they become part of the government. Then under the central government, there is scope for only 60-62 lakh employees. Among them also the number of vacancies is in lakhs. If some unionist type has been recruited into the government, it will be within the purview of the government's prerogative. If you go out of it, then the challenges of the court will come. It has been the old politics of Rahul Gandhi, Congress and so-called secularists that the Sangh and BJP have been blamed for communalism and dividing the country. Surprisingly, the definition of secularism is very narrow. To speak of Hindu is 'communal' and to favor Muslim is 'secular'. Interestingly, this definition has not been fixed by the Constitution. The opposition has alleged that the Sangh Parivar is intent on making India a 'Hindu Rashtra'. This politics has also proved to be a constant failure, because the BJP and its allies have governments in 17-18 states of the country. The BJP is ruling more than 50 percent of the country. Although the RSS is a Hindu nationalist, social, cultural non-governmental organization, which is spread in 40 other countries besides India. ourt. A petition should be filed to cancel the recognition of BJP by going to the Election Commission. Hindu ideology is not an anti-national act. His followers are in crores. If Rahul is apprehensive that even the government institutions and the judiciary have been sold, then he should resign from the membership of Parliament, because Rahul feels that democracy and the Constitution have also ended. He has made this allegation many times. There is democracy and constitution, then Rahul is an MP. His party Congress also exists and has independent ideology. They are continuing their campaign against the Modi government through 'Bharat Jodo Yatra'. Rahul should mature politically now.

# Sherlyn Chopra earns money by selling nude videos? Rakhi Sawant files defamation case!


The war of words that started between Rakhi Sawant and Sherlyn Chopra over producer Sajid Khan, who joined Bigg Boss 16, seems to be gaining momentum. Sherlyn Chopra had reached the police complaint against Sajid Khan, an accused in the #MeToo case, which was made fun of by Rakhi Sawant and tried to surround Sherlyn on the contrary. After this Sherlyn retaliated first, after which Rakhi Sawant's statement also came.



Defamation case filed agint Sherlyn - After the series of statements started from both the sides, now Rakhi Sawant has filed a defamation case against Sherlyn Chopra. Recently Rakhi Sawant along with her lawyer Falguni came in front of the media and asked to speak on the matter. Lauer told that he has filed a defamation case against Sherlyn. She also told that she has taken this action based on the evidence and knows everything about the actress's personal life. Sell ??porn videos and photos? - Rakhi Sawant along with her lawyer showed the alleged porn videos of Sherlyn Chopra. Rakhi also alleged that Sherlyn blackmails people and sells her nude pictures and videos. Sherlyn Chopra has recently filed a case against MeToo accused Sajid Khan. The matter caught fire when Rakhi Sawant openly supported Sajid Khan.

# How Shahrukh Khan faced difficulties after Aryan went to jail, the actor told his heart

Shahrukh Khan surprised the fans today Ask me SRK on Twitter. During this, he asked the fans to question. He also answered the questions of the fans. A fan even asked him how he handles himself and other matters after facing so many difficulties in life. After the answer given by Shahrukh on this, the actor is being praised. Fans are commenting that for this reason Shahrukh is called King Khan and Badshah. Actually, the fan tweeted, 'How are you Shahrukh Khan sir. I have to ask you that how do you handle so many problems in life so far and live like a king. Pathan please answer. To this Shahrukh replies and writes, 'We should always remember that good always precedes evil.' Let us tell you that last year there were difficulties in Shahrukh's life when his son Aryan Khan was arrested in a drugs case. At that time Shahrukh had tried his best that he could release his son from jail. Aryan was released after a few days in jail. At the same time, Aryan got a clean chit in this case. At the same time, before that, the last Shahrukh's film Zero was released in the year 2018. This film was a flop. Even before Zero, Shahrukh's film Jab Harry Met Sejal was a flop. Shahrukh signed a film after the film Zero. He took a break from films. Many a times, fans have tweeted on social media asking Shahrukh to return to films and announce a new project. Upcoming movies- Now Shahrukh is going to be seen in the film Pathan, Jawan and Dunki. The teaser of Pathan has been released on Shahrukh's birthday i.e. November 2, which fans were very happy to see. Along with Shahrukh in Pathan, Deepika Padukone and John Abraham are in lead roles.



# पुलिस की निगरानी में बांटी गई डीएपी खाद

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सुबह 10 बजे से ही किसानों ने डीएपी खाद लेने को ब्लॉक अवागढ़ परिसर स्थित सहकारी संघ पर भीड़ जुट गई। किसानों ने डीएपी खाद को लेकर के शोर-शराबा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खाद वितरित कराई। अवागढ़ संवाददाता के अनुसार सहकारी संघ सचिव श्यामपाल की सूचना पर अवागढ़ थाना उपनिरीक्षक विपिन कुमार, सहकारिता विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। संघ के सचिव को मौके पर बुलाकर शांतिपूर्वक डीएपी खाद का वितरित कराया गया है। सभी किसानों को डीएपी वितरित करायी गई। डीएपी पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। सहकारी संघ सचिव श्याम पाल सिंह ने बताया कि फिंगर प्रिंट मशीन खराब होने से खाद वितरण में देरी हुई। जिसको लेकर किसानों ने शोरशराबा कराना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस आने पर शांतिपूर्ण खाद्य बांटी गई है। मारहरा कोऑपरेटिव सोसायटी पर जमकर रहती है भीड़ सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल पा रही है डीएपी उपभोक्ता भूखे प्यासे लाइन में लगे रहते हैं फिर भी मायूस होकर शाम को लौटना पड़ता है जबकि वही एटा जिला अधिकारी महोदय का कहना है कि एटा जिले में डीएपी की कमी नहीं आखिर कार डीएपी जा कहां रही है कुछ लोग वहां के कर्मचारी तानाशाही भी करते हैं

# सरकारी गोदामों से अधिकांश राशन डीलरों को कम खाद्यान्न दिया जा रहा




योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ब्लॉक मारहरा के सरकारी गोदामों से अधिकांश राशन डीलरों को कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। डीलरों से राशन लदाई का 12 रुपये कुंतल की वसूली भी की जा रही है। उससे राशन डीलर परेशान है। मिरहची राशन डीलर सुनीता देवी, नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह डीलर ने बताया कि आये दिन उपभोक्ताओं को कम राशन और अधिक कीमत लेने की शिकायत होती है। शिकायत पर अधिकारी पहले डीलरों को बचाने में जुट जाते हैं। एफसीआई गोदाम मारहरा से डीलरों को मिलने वाले राशन कांटा करते समय पूरा दिया जाता है। आरोप है कि कांटा होने के बाद राशन में से 50 किलो राशन निकाल लिया जाता है। उचित दर विक्रेता राकेश कुमार का कहना है कि हम लोगों को गोदाम से राशन कम मिलता है। मशीन से अंगूठा लगवा कर पूरा राशन दे रहे हैं। हमको कांटा करने के बाद राशन में से 50 किलों कम दिया जाता है। माह में दो बार राशन का उठान किया जाता है। महीने में एक कुंतल राशन कम हो जाता है। हम लोगों को 12 रूपये प्रति कुतलपल्लेदारी देने भी पड़ती है। एसएमआई गोदाम पर हम डीलरों को धर्म कांटे से राशन तौल कराकर देते है। डीलर की बोरी में से राशन निकाले जाने की बात गलत है।-रमेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत कर्मचारी, एफसीआई गोदाम मारहरा (एटा) किसी भी राशन डीलर ने आज तक ऐसी कोई शिकायत नहीं की गई है। राशन डीलरों को किसी भी हालत में राशन कम नहीं लेना चाहिए। न ही कम देना चाहिए। यदि ऐसा कुछ है तो उसकी शिकायत मिलने पर जॉच कराकर कार्रवाई की जाएगी।--नंद किशोर, डिप्टी एआरओ, जिला विपणन अधिकारी, एटा।

# लाखों रुपये के बजट से बनावाए गए सार्वजनिक शौचालयों को आज तक नहीं खोला गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी क्षेत्र के अंदर लाखों रुपये के बजट से बनवाए गए सार्वजनिक शौचालयों को आज तक नहीं खोला गया। शौचालय ना खुलने से इनका लोग प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। नगर पालिका ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2019-20 में शहर के अंदर पांच-पांच सीट के कुल 16 सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था। इन सभी शौचालयों को बनाने में सरकार ने 62 लाख 72 हजार रुपये का खर्चा आया। चार साल बाद भी इन शौचालयों में से 80 फीसदी शौचालयों को शहर के लोगों के लिए नहीं खोला गया है। पालिका ने शौचालयों पर अब तक केयर टेकरों की नियुक्ति भी नहीं की है। पालिकाध्यक्ष के अनुसार शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष मीरा गांधी ने बताया कि नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों का आभाव है। इसके कारण नए बने सार्वजनिक शौचालयों पर केयर टेकरों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। साथ ही शहर के लोग भी सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग न के बराबर करते है। अगर शौचालयों को खुला छोड़ दिया जाए तो असमाजिक तत्व उसमें गंदगी फैलाने के साथ नुकसान कर देगे।

### हमेशा बंद ही रहते है शौचालयों के शटर

जीटी रोड़ रेलवे पुल स्थित सार्वजनिक शौचालय, शहीद पार्क स्थित शौचालय, आगरा रोड स्थित क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के नजदीक बना शौचालय, सैनिक पड़ाव स्थित पशु चिकित्सालय के नजदीक शौचालय के अलावा अलीगंज रोड स्थित उद्यान विभाग के पास बने सर्वालनिक शौचालय के हमेशा शटर बंद रहते है।

# मासूम बालिका को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा सीएचसी चिकित्सालय के पास भटकती हुई मासूम बालिका को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया आज दिनांक 05.11.22 को समय करीब शाम 4.00 बजे थाना जलेसर पर सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 03 वर्षीय एक बच्ची जो सीएचसी अस्पताल के पास रोती हुई घूम रही है तथा अपना नाम नही बता रही है, इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्ची के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। इस संबंध में मौहल्ला अग्रयान में सकील द्वारा बताया कि वह उसकी बच्ची है जो घर से भटक कर वहां पहुंच गई थी और जिसे वह काफी देर से तलाश कर रहे थे। परिवार द्वारा बच्ची को वापस पाकर प्रसन्नता प्रकट की और एटा पुलिस द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की परिजनों तथा वहाँ उपस्थित अन्य लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# परचून की दुकान में लगी भीषण आग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आग लगने से मची अफरा-तफरी, होलसेल परचून की दुकान में आग लगने से मचा हड़कंप, स्त्रस्ह केतन कुमार फायर टीम के साथ तत्काल पहुंचे घटनास्थल पर, स्त्रस्ह केतन कुमार उनकी टीम ने आग पर पाया काबू, स्त्रस्ह केतन कुमार की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला, फायर ब्रिगेड द्वारा मौके पर पहुंचकर आप पर काबू पाने के बाद स्थानीय लोगों ने स्त्रस्ह केतन कुमार व उनकी टीम का सराहना करते हुए तालियां बजाएं, परचून थोक दुकानदार की आग होने से लाखों रुपए का नुकसान भी बचाया,पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के आगरा रोड चुंगी के पास का मामला

# डांस को लेकर हंगामा, बारातियों से मारपीट के बाद टाल दी शादी

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज।सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव में बरेली से आई बारात में बारात चढ़त के दौरान रंगशाला पर डांस को लेकर हंगामा हो गया। अफरातफरी मच गई। इस दौरान गांव के लोगों ने बारातियों के साथ मारपीट कर डाली। इससे दूल्हा और दुल्हन पक्षों में भी विवाद हो गया। इसके बाद रात में शादी नहीं हो सकी। सुबह के समय दोनों पक्षों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के समक्ष दोनों पक्षों में वार्ता हुई। तय हुआ कि शादी के संबंध में रविवार को फैसला लेंगे। घटनाक्रम के मुताबिक गांव में रात को बारात आई। बारातियों ने नाश्ता के बाद बारात चढ़ानी शुरू कर दी। बारात चढ़ रही थी। बाराती नाचमें लगे थे। बारात में रंगशाला के कलाकार भी नाचने में लगे थे। तभी रंगशाला पर डांस करने को लेकर बारातियों और गांव के लोगों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते ही दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। मारपीट होने लगी। चार लोग घायल हो गए। इसके बाद शादी का माहौल खराब हो गया। दूल्हा-दुल्हन के फेरे नहीं पड़े। सुबह के समय दूल्हे के पिता और रिश्तेदार कोतवाली सोरों में पहुंच गए। पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी। दोनों ओर से तहरीर आ गई। शाम के समय दोनों पक्षों में वार्ता का दौर चला, लेकिन शादी पर आपसी सहमति नहीं बनी। तय हुआ कि रविवार को इस पर फैसला लेंगे। कोतवाली प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भूपेंद्र सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा की पहली जीत, धर्मपाल सिंह भी परीक्षा में हुए पास

विधायक अरविंद गिरि के निधन के बाद से खाली हुई लखीमपुर खीरी जिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा ने एक बार फिर से कमल खिलाया है। पहले भी यह सीट भाजपा के कब्जे में ही थी। भूपेंद्र सिंह चौधरी के सरकार से संगठन में आने के बाद भाजपा के लिए ये पहली पहली जीत है। संगठन में महामंत्री का जिम्मा संभाल रहे धर्मपाल सिंह के लिए भी एक तरह की यह सीट परीक्षा थी, जिसमें धर्मपाल सिंह पूरी तरह से पास हो गए। गोला सीट पर भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन होने के बाद यहां से उनके बेटे अमन गिरि को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था। वहीं सपा ने विनय तिवारी पर दांव लगाया था। पिछले चुनाव में भी विनय तिवारी को भाजपा से शिकस्त मिली थी। इस चुनाव भाजपा और सपा की सीधी टक्कर देखने को मिली। सुबह से शुरू हुए पहले राउंड से ही भाजपा ने बढ़त बना ली थी। 30 राउंड आते-



आते भाजपा प्रत्याशी की जीत पक्की हो गई थी। भाजपा ने गोलागोकर्णनाथ में एक बार फिर से कमल खिला दिया।

## कई दिनों से गोला में डेरा जमाए हैं भूपेंद्र सिंह चौधरी और धर्मपाल

गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही भाजपा के कई कद्दावर नेताओं का आना शुरू हो गया था। डिप्टी सीएम से लेकर संगठन के तमाम नेताओं ने यहां पहुंचकर लोगों से संपर्क साधा और सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य करीब छह बार इस क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और धर्मपाल सिंह समेत संगठन के कई बड़े नेता कई दिनों से यहीं पर डेरा जमाए थे।

## 34,298 वोट से भाजपा ने जीता उपचुनाव

गोला विधानसभा उपचुनाव में हुए सीधे मुकाबले के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमन गिरी ने समाजवादी पार्टी को चुनाव हरा दिया। भाजपा के अमन गिरी ने 34298 वोट से उपचुनाव जीत लिया। गोला उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को हुए मतदान के बाद सभी की निगाहें नतीजों पर लगी हुई थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला था। कांग्रेस और बसपा मैदान से बाहर हैं। इस वजह से मुकाबला न सिर्फ कड़ा हो चला था बल्कि इसमें दोनों दोनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई थी। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में 40 स्टार प्रचारक उतारे तो समाजवादी पार्टी ने बेहद शांत तरीके से जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को 32 वें राउंड तक मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमन गिरी को 1,24,810 और समाजवादी पार्टी के विनय तिवारी को 90,512 वोट मिले। भाजपा ने या चुनाव 34298 वोट से जीत लिया है। इस चुनाव में भाजपा और सपा के अलावा पांच अन्य उम्मीदवार भी थे।

# महतारी हुंकार रैली में 5 सौ महिलाये होगी शामिल, तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा ने की बैठक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने महतारी हुंकार रैली के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी है आज जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में जिला भाजपा संगठन प्रभारी राजा पांडेय, जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े, जिलाउपाध्यक्ष पुष्पा सिंह, शशि किरण खेस्स की उपस्थिति में संपन्न हुई. जिसमे 11नवंबर को बिलासपुर आयोजित होने वाले महतारी हुंकार रैली की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई. महिला मोर्चा के आह्वान पर सरकार के द्वारा प्रदेश की महिलाओं के साथ वादाखिलाफी को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन प्रस्तावित है जिसमें शराबबंदी, महिला स्वयं सहायता समूह के कर्ज माफी, रेडी टू ईट समूह से छिनकर निजीकरण करने के विरोध बड़ी रैली मे केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित प्रदेश के बड़े भाजपा नेता शामिल होंगे. भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में 500से अधिक महिलाओं के शामिल होने का संकल्प पारित किया गया. महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को अलग अलग मंडलों का प्रवास कर महिलाओं रैली मे शामिल कराने की जवाबदारी दी गई है.

# दुभिया में बकाया कनेक्शन को काटने गई विजली विभाग की टीम का मोबाइल छीना व मारपीट की

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - थाना क्षेत्र के गांव दुभिया में रविवार की सुबह बकायादारों के कनेक्शन काटने गई विजली विभाग की टीम के साथ गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करने का मामला जानकारी में आया है। घटना के संबंध में गांव दुभिया स्थित बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता सुंदर सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर नेवर पैड जमा राशि में प्रगति कम होने के कारण रविवार में काम करने के लिए कहा गया था। जिस पर दुभिया बिजलीघर का स्टाफ गांव के ही एक व्यक्ति के यहां जिस पर विभाग का करीब एक लाख दस हजार रुपये बकाया था जिसके यहां कनेक्शन काटने गई तो व्यक्ति ने कनेक्शन काटने से मना कर दिया और गाली गलौज व मारपीट करते हुए दौड़ा दिया और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारी संजय ,ओमवीर सिंह व अतुल के साथ मारपीट कर बिजली बिभाग की टीम का मोबाइल छीन लिया। घटना के संबंध में अवर अभियंता सुंदर सिंह ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# गोला ( उपचुनाव ) में सपा को फिर मिली करारी हार, बीजेपी प्रत्याशी की जीत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर -गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी अमन गिरी ने बड़े अंतर से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी विनय तिवारी को हरा दिया है, इस सीट पर काउंटिंग के दौरान पहले राउंड से ही बीजेपी प्रत्याशी ने बढ़त बना रखी थी जिसके बाद अंत में जीत दर्ज की इस सीट पर उपचुनाव में रविवार को वोटों की काउंटिंग हुई यहां बीजेपी प्रत्याशी अमन गिरी ने सपा प्रत्याशी विनय तिवारी को हराकर बड़ी जीत दर्ज की


श्री अमन गिरी

इस चुनाव में काउंटिंग शुरू होने के बाद अमन गिरी पहले ही राउंड से आगे रहे, अमन गिरी गोला गोकर्णनाथ के पूर्व बीजेपी विधायक अरविंद गिरी के बेटे हैं, स्व० श्री गिरी जी का निधन माह सितंबर में हुआ था।

# जेसीबी की चपेट में आने से बाइक सबार मजदूर की हालत गंभीर,अपने भाई के साथ कोल्ड पर मजदूरी के लिए जा रहा था पिंटू

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-अकराबाद - थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अकराबाद व सिकंदराराऊ बॉर्डर पर स्थित वृजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट के सामने एक जेसीबी मशीन की चपेट में आने से बाइक सबार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे में उसके भाई बिजेंद्र के भी मामूली रुप से चोटें आई हैं। जनपद हाथरस की सिकंदराराऊ कोतवाली के सामने मोहल्ला गौसगंज निवासी पिंटू पुत्र भूरेसिंह ठेकेदार पनेठी के निकट एक कोल्ड स्टोर में काफी समय से मजदूरी करता है। रविवार की सुबह पिंटू अपने भाई बिजेंद्र सिंह के साथ बाइक द्वारा मजदूरी के लिए कोल्ड पर जा रहा था। उसकी बाइक जैसे ही ब्रज गोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट के सामने पहुंची तभी वहां से गुजर रही एक जेसीबी मशीन की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक सवार पिंटू गंभीर रुप से घायल हो गया घटना होते ही कंपनी के कर्मचारी व अधिकारी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना पर अकराबाद व सिकंदराराऊ की पुलिस मौके पर आ गई। कंपनी के सहायक प्रबंधक योगेश यादव ने आननफानन में घायल पिंटू को अपनी निजी कार द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद भेजा। जहां से डाक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक देख अलीगढ़ अस्पताल रैफर कर दिया। वहीं उसके भाई बिजेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से छुट्टी दे दी है।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने बीएलओ के साथ पूरे दिन वोट बढ़ाने का कार्य किया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने आज बीएलओ के साथ वोट बढ़ाने का कार्य किया आज पूरा दिन वोट बढ़ाने में गया बीएलओ राकेश कुमार प्रजापति के साथ कार्य किया सैकड़ों वोट बनवाएं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि वह तो बढ़ाने का कार्य तीव्र गति



से चल रहा है धनीपुर में बीएलओ के साथ घर घर जाकर वोट बनवाएं और कुछ मृत्यु होने के कारण कटवाने पड़े हैं बीएलओ राकेश कुमार प्रजापति ने 6 घंटे तक उनके साथ कार्य किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि इस नगर निगम के चुनावों में भाजपा पूर्ण बहुमत से विजई होकर आ रही है इसमें कोई संदेह नहीं भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर विरोधी दलों के नेताओं के मुंह पर पसीना आ रहा है हर वार्ड में हर नगर पंचायत में नगर निगम में भाजपा पूर्ण बहुमत से परचम लहर आएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है विष्णुपुरी मंडल भाजपा के अध्यक्ष जगदीश महाजन का पूरा सहयोग मिला है उनसे समय-समय पर फोन पर बातचीत होती रही है एक दूसरे का सहयोग करते रहे उन्होंने कहा है कि वोट बढ़ाने के समय लोगों में भाजपा के प्रति बहुत बड़ा उत्साह देखा गया है जनता का रुझान भाजपा की तरफ काफी बड़ा है